## महत्वपूर्ण एवं खास

### खड़े ट्रेलर को कोयला लोड ट्रेलर ने पीछे से मारी ठोकर, चालक घायल

**कोरबा (आरएनएस)।** उरगा हाटी राजमार्ग में सलीहाभाठा के पास एक बड़ी दुर्घटना हो गई। सडक़ किनारे खड़े ट्रेलर को कोयला लोड ट्रेलर ने पीछे ने ठोकर मार दी। इस हादसे में वाहन के परखच्चे उड़ गए वहीं चालक घंटों केबिन में फंसा रहा। करतला पुलिस ने घंटों मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि एसआर रोड लाइंस के ट्रेलर चालक अरुण यादव को हादसे में काफी चोटें लगी हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### निर्माणाधीन मकान में करंट लगने से मजदूर की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** उरगा थानांतर्गत ग्राम कुकरीचोली स्थित निर्माणाधीन मकान में काम करने के दौरान एक मजदूर करंट की चपेट में आ गया। करंट का झटका लगने से ग्रामीण अचेत होकर मौके पर ही गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोग उसे लेकर जिला अस्पताल आए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम दशरथ यादव बताया जा रहा हैं। ग्राम गिधौरी से कुछ मजदूर घर की छत ढलाई का काम कर रहे थे। काम करने के दौरान दशरथ यादव करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि दशरथ को किन परिस्थितियों में करंट का झटका लगा इस बात का पता नहीं चल सका है। सहकर्मी भी सही ढंग से घटना के संबंध में नहीं बता पा रहे हैं। पूछताछ के दौरान कुछ लोग लोग जहां छत के उपर से गुजरे 11केवी लाईन की चपेट में आने से दशरथ की मौत होने की बात कह रहे हैं। पुलिस जांच में ही करंट कैसे और किन परिस्थितियों में लगी है इसका खुलासा हो सकेगा।

### सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के 150 पदों पर होगी भर्ती

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के 150 पदो पर सीधी भर्ती की जाएगी। संचालनालय पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है। भर्ती के लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा परीक्षा आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ के अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के वेबसाईट में ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। अभ्यर्थियों को पते पर जाकर आवेदन करना होगा। संचालनालय पशु चिकित्सा सेवाएं से मिली जानकारी के अनुसार सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के 150 पदों में 61 अनारक्षित, 53 अनुसूचित जनजाति, 17 अनुसूचित जाति, 19 अन्य पिछड़ा वर्ग के पद हैं। अभ्यर्थी विस्तृत विज्ञापन, आवश्यक शैक्षणिक आहर्ता, आयु सीमा, पाठ्यक्रम, भर्ती प्रक्रिया, नियम शर्ते, परीक्षा तिथि, परीक्षा शहर आदि की जानकारी छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के वेबसाईट पर 12 मई 2023 को शाम 5.00 बजे से प्राप्त कर सकते हैं।

### साफ्टवेयर बनाने के नाम पर 5 लाख की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** एक ट्रेवेल्र्स एजेंसी का साफ्टवेयर बनाने के नाम पर 5 लाख की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी के खिलाफ तेलीबांधा थाना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी रमन जादवानी निवासी 7लॉ विस्टा कालोनी अमलीडीह न्यू राजेंद्र नगर का विशाल नगर तेलीबांधा में अयज ट्रेवल्स नामक संस्थान है। आरेपी सूर्या शर्मा मोबाइल क्रमांक 89107-82441 ने प्रार्थी को फोन करके ट्रेवल्स एजेंसी का साफ्टवेयर बनाने का झांसा दिया। इस पर प्रार्थी भी उसके बहकावे में आ गया। इसके बाद आरोपी ने अपने एक अन्य साथी की मदद से साफ्टवेयर बनाने के लिए काम शुरू कर दिए जाने के एवज में प्रार्थी से 5 लाख रूपए वसूल लिया तथा अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया। प्रार्थी उससे संपर्क नहीं कर पा रहा था, तब उसे ठगी होने का एहसास हुआ। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

# सुविधा और सुरक्षा की दृष्टि से दूर दराज के 16 गर्ल्स हॉस्टल में लग रहे सोलर पैनल

- 2 हजार 220 बच्चों को मिलेगा लाभ
- बालिका छात्रावासों के टॉयलेट भी होंगे रिनोवेट
- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की महत्वपूर्ण पहल
- सीएसआर में काम के लिये आईसीआईसीआई बैंक आया आगे
- छात्रावासों में सुविधाएं बढ़ाने लगातार हो रहे प्रयास

**रायगढ़।** कलेक्टर सिन्हा की पहल से जिले के 16 बालिका छात्रावासों और 2 बालक छात्रावासों सहित 18 हॉस्टल्स में विद्युत आपूर्ति के विकल्प के रूप में सोलर पैनल लगाया जाएगा। मुख्यत: ये छात्रावास दूर-दराज के इलाकों में स्थित हैं। जिसमें कि आदिवासी छात्रावासों के साथ विशेष पिछडी जनजाति बिरहोर के लिए निर्मित छात्रावास भी शामिल है। सोलर पैनल लगने से इन छात्रावासों में नियमित बिजली आपूर्ति व्यवस्था के अलावा एक दूसरा ऑप्शन भी तैयार होगा। ताकि आपूर्ति बाधित या दूसरी समस्या से विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने का असर छात्रावासों में नही पड़ेगा। बालिका छात्रावासों में सुरक्षा के लिहाज से भी यह बेहद महत्वपूर्ण हैं। इससे बिजली की भी बचत होगी। इसके साथ ही बालिकाओं की आवश्यकताओं व माहवारी स्वच्छता को ध्यान रखते हुए टॉयलेट भी बनाए जायेंगे। सोलर पैनल और टॉयलेट निर्माण का जिम्मा सीएसआर के तहत आईसीआईसीआई बैंक को दिया है।

छात्रावासों का व्यवस्थित संचालन कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने प्राथमिकता में रखा है। छात्रावासों में सुविधाओं को लेकर वे लगातार समीक्षा कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान भी छात्रावासों में बच्चों से मुलाकात वहां की व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लेते हैं।

जहां कमी दिखती है उसके सुधार के लिए अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित करते हैं। उनके निर्देश के बाद बालिका छात्रावासों में निरीक्षण के लिए महिला अफसरों को नोडल के रूप में तैनात किया जा रहा है। बालिकाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की हिदायत उन्होंने सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को दे रखी है। ताकि बच्चों को अच्छा सुविधाजनक माहौल मिल सके।

**इन छात्रावासों में लगाए जायेंगे सोलर पैनल-** विकासखण्ड खरसिया अंतर्गत बालक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार, आदिवासी कन्या आश्रम तेन्दुमूड़ी, आदिवासी कन्या आश्रम हालाहुली एवं आदिवासी कन्या आश्रम बड़े डूमरपाली, विकासखण्ड धरमजयगढ़ अंतर्गत संयुक्त बालक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बायसी, धरमजयगढ़, कन्या क्रीड़ा परिसर धरमजयगढ़, बिरहोर बालक आश्रम धरमजयगढ़, आदिवासी कन्या आश्रम पखनाकोट, आदिवासी कन्या आश्रम पुरूंगा, प्री.मै.आदिवासी कन्या छात्रावास पाराघाटी एवं पो.मै.आदिवासी कन्या छात्रावास महाराजगंज, विकासखण्ड घरघोड़ा अंतर्गत कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छर्राटांगर, आदिवासी कन्या आश्रम कया एवं आदिवासी कन्या आश्रम नवापारा टेण्डा, लैलूंगा विकासखण्ड अंतर्गत संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, हीरापुर (धरमजयगढ़ में संचालित), आदिवासी कन्या आश्रम कुर्रा, विकासखण्ड तमनार अंतर्गत आदिवासी कन्या आश्रम सराईपाली एवं प्री.मै.आदिवासी कन्या छात्रावास गोढ़ी में सोलर पैनल इंस्टाल किए जायेंगे।

## राज्य स्तरीय मानस मंडली प्रतियोगिता रायपुर में 27 से 29 मई तक

- संस्कृति मंत्री ने विभागीय काम-काज की समीक्षा की

**रायपुर (आरएनएस)।** संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि रायपुर में मानस मंडलियों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लिए जाए। भगत आज अपने निवास स्थित कार्यालय में विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहें थें। गौरतलब है कि राज्य स्तरीय मानस मंडली प्रतियोगिता रायपुर में 27 से 29 मई आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक जिलें से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मानस मंडलियां शामिल होंगी।

बैठक में संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने बताया कि रायपुर में डे भवन में स्वामी विवेकानंद स्मृति संस्थान की स्थापना और मानव संग्रहालय के निर्माण हेतु भी वित्त विभाग से मंजूरी प्राप्त हो गयी है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप माता कौशल्या महोत्सव का सफल आयोजन हाल ही में चंद्रखुरी में किया जा चुका है। आगामी 1 से 3 जून तक राष्ट्रीय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन रायगढ़ जिले में आयोजित किया जा रहा है। इसमें भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आई.सी.सी.आर) के माध्यम से विदेशी दलों को भी आमंत्रित किया गया है।

बैठक में संस्कृति मंत्री ने नया रायपुर में फिल्म सिटी के निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण, समस्त जिलों में गढ़ कलेवा खोले जाने, कलाकारों के गत वर्ष के स्वीकृत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लंबित भुगतान, कलाकारों के ग्रेडेशन संशोधन तथा कलाकारों के मानदेय भुगतान शीघ्र किये जाने के निर्देश दिये। मंत्री भगत ने गढ़ कलेवा की प्रगति की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के 33 जिलों में से 16 जिलों में गढ़ कलेवा का संचालन किया जा रहा है। शेष जिलों में भी इस वर्ष गढ़ कलेवा का संचालन शुरू हो जाएगा।

बैठक में छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के सचिव डॉ. अनिल भतपहरी, उपसंचालक जे.आर भगत, उमेश कुमार मिश्रा, डॉ. (श्रीमती) तनुजा बघेल, डॉ. प्रताप चंद पारख सहित पुरातत्ववेत्ता उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत में 10 हजार से अधिक प्रकरण निराकृत




**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार पूरे देश में आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के सभी न्यायालयों में लोक अदालत की सुनवाई हुई। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय सारंगढ़ के अंतर्गत 1518 प्रकरण निराकृत हुए, जिसमें अपर जिला एवं सत्र न्यायालय में 420 प्रकरण, सीजेएम कोर्ट में 715 और न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के दो कोर्ट में 321 और 62 प्रकरण निराकृत हुए।

सहायक अधीक्षक राजस्व के के स्वर्णकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्व कोर्ट अंतर्गत 9014 प्रकरण निराकृत हुए, जिसमें 7063 प्रकरण जाति प्रमाण पत्र के, 850 आय प्रमाण पत्र के और 305 प्रकरण निवास प्रमाण पत्र के प्रकरण शामिल है। नगर पंचायत बिलाईगढ़ के सीएमओ संजय सिंह ने 3 हजार 445 रुपए का वसूली शासन के खाते में जमा करवाया। 80 सूचीबद्ध प्रकरणों में 4 निराकृत हुए।

## मकान निर्माण के लिए रखे लोहे की छड़ व सेंन्ट्रिग प्लेट की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ।** दिनांक 13/05/2023 को कोतवाली पुलिस द्वारा ढिमरापुर के पास मकान निर्माण स्थान पर रखें लोहे के एंगल सेन्ट्रिग प्लेट की चोरी करने वाले युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

थाना कोतवाली में आज ढिमरापुर रोड जगतपुर में रहने वाले प्रकाश साहू (43 वर्ष) के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी ढिमरापुर में दुकान और मकान है। दुकान के पीछे खाली जमीन पर नया मकान निर्माण करा रहा है, मकान निर्माण के लिए सेंन्ट्रिग प्लेट, लोहे का एंगल , चैनल गेट, छड से बना रिंग रखा हुआ था कि 7 और 8 मई की रात दुकान के पीछे रखे करीब रु.15,000 के मकान निर्माण सामानों को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था, चोरी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध कोतवाली थाने में अपराध दर्ज किया गया। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा प्रधान आरक्षक दिलीप भानु के हमराह स्टाफ को घटना दिनांक 7 और 8 मई की रात घटनास्थल तथा आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक कर संदिग्धों की पतासाजी का निर्देश दिया गया। कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुखबिर लगाकर ढिमरापुर, रामभांठा, जवाहर नगर, बापुनगर, इंदिरा नगर क्षेत्र में लगाये मुखबिरों से रात के समय घूमने वाले घुमंतु और संदिग्ध युवकों की जानकारी लेकर संदिग्धों को धर पकड़ कर पूछताछ किया गया जिसमें साहिल एक्का निवासी रामभांठा जवाहर नगर के चोरी में संलिप्त होने के संबंध में जानकारी मिली जिसे हिरासत में लेकर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर साहिल ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर सेंन्ट्रिग प्लेट, लोहे का एंगल , छड से बना रिंग की चोरी करना बताया है। आरोपी साहिल एक्का पिता सुनील एक्का उम्र 19 साल निवासी रामभांठा जवाहर नगर थाना कोतवाली रायगढ़ के मेमोरेंडम के आधार पर चोरी की 12 नग सेन्ट्रिग प्लेट उसके घर से बरामद कर जब्त किया गया है। साहिल द्वारा बताए हुये दोनों आरोपियों की पतासाजी की गई जो फरार है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी साहिल एक्का को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। चोरी के अपराध में त्वरित रूप से माल मुल्जिम पतासाजी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, प्रधान आरक्षक दिलीप भानु, आरक्षक जगमोहन लाल ओग्रे, उत्तम सारथी और मनोज पटनायक की विशेष भूमिका रही है।

## फेसबुक फ्रेंड ने युवती पर बनाया शादी का दबाव, इंकार करने पर युवती की आपत्तिजनक फोटो किया वायरल, आरोपी गिरफ्तार

0 आरोपी ने अपने फेसबुक प्रोफाइल और व्हाटसअप के डीपी में लगा रखा था दूसरे लड़के की तस्वीर



**रायगढ़।** दिनांक 13/05/2023 को तमनार पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र की युवती पर शादी का दबाव बनाकर उसके आपत्तिजनक फोटो वायरल कर युवती के साथ गाली गलौच कर उसे मानसिक रूप से काफी परेशान करने वाले आरोपी युवक त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को हसौद जिला सक्ती से हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया जिसे यौन उत्पीड़न के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

पीड़ित युवती द्वारा थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक प्रवीण मिंज को आवेदन देकर घटना के संबंध में बताई कि 2 साल पहले फेसबुक के जरिए पुरुषोत्तम जयसवाल निवासी हसौद से जान पहचान हुआ था। अच्छी पहचान होने के बाद दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत और व्हाट्सएप में चैटिंग होती थी। पुरुषोत्तम जायसवाल शादी करने का भरोसा दिलाया जिसके बाद दोनों के बीच वीडियो कॉल से बातचीत हुई थी। पुरुषोत्तम दोनों के बीच विडियो कॉल बातचीत के स्क्रीनशॉट रख लिया था। कुछ दिनों पहले युवती को पुरुषोत्तम जायसवाल के पहले से शादीशुदा होने की जानकारी हुई तो उसने शादी से इंकार कर पुरूषोत्तम से दूरी बनाना शुरू की। इस पर पुरुषोत्तम युवती से नाराज होकर उसके गांव के कुछ लोगों को दोनों के विडियो कॉल के स्क्रीनशॉट वायरल कर दिया। युवती को जब उसके आपत्तिजनक फोटो वायरल होन की जानकारी मिली तो उसने पुरुषोत्तम जायसवाल से ऐसा क्यों किया कहकर बोली तो पुरूषोत्तम उससे शादी नहीं करने से और भी बदनाम कर दूंगा कहकर गाली गलौज कर धमकाने लगा। पीड़ित युवती के रिपोर्ट पर थाना तमनार में आज अप.क्र. 212/2023 धारा 294, 506 509(ख) आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार को अवगत कराया गया , मामले की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा शीघ्र आरोपी की पतासाजी गिरफ्तारी का निर्देश थाना प्रभारी को दिया गया। शीघ्र ही एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदशर्न पर तमनार पुलिस की टीम सक्ती जिला आरोपी की गिरफ्तारी के लिये दबिश दिया गया और आरोपी पुष्षोत्तम जायसवाल को हिरासत में लेकर रायगढ़ लायी जिससे पूछताछ करने पर आरोपी बताया कि वह मजदूरी का कार्य करता है, उसने अपने व्हाट्सअप के डीपी और फेसबुक की प्रोफाइल में गांव के परिचित लड़के का फोटो लगाया हुआ है, आरोपी के पास से उसका मोबाइल जप्त किया गया है। आरोपी पुरुषोत्तम जायसवाल पिता फिरतराम जायसवाल उम्र 32 साल निवासी वार्ड नं. 07 हसौद थाना हसौद जिला सक्ती (छ.ग.) के कृत्य पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक प्रवीण मिंज, प्रधान आरक्षक देव प्रसाद राठिया, उषा रानी तिर्की, आरक्षक भूपेश राठिया और नंदु पैंकरा की प्रमुख भूमिका रही है।

## व्यावसायिक पाठ्क्रम में प्रवेश परीक्षा के लिए कार्यक्रम निर्धारित

- प्री.बीएड, प्री.डीएलएड की परीक्षा 17 जून और बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग की परीक्षा 24 जून को
- राज्य के स्थानीय निवासी प्रतिभागी से नहीं लिया जाएगा परीक्षा शुल्क

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षण मण्डल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में राज्य के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों- प्री.बीएड, प्री डीएलएड, बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग में प्रवेश परीक्षा के लिए कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल से प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्धारित कार्यक्रम अनुसार इन सभी पाठ्क्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन 13 मई से 28 मई तक लिए जाएंगे। त्रुटि सुधार के लिए प्री.बीएड, प्री.डीएलएड, बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग के लिए 29 मई से 31 मई तक का समय दिया गया है। प्री.बीएड, प्री.डीएलएड के लिए प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 9 जून तथा बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग के लिए प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 16 जून निर्धारित की गई है। प्री.बीएड, प्री.डीएलएड के लिए परीक्षा 17 जून को तथा बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग के लिए परीक्षा 24 जून को होगी।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बजट सत्र के दौरान की गई घोषणा के अनुरूप लिखित परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार का परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा।

## पुलिस विभाग में भर्ती के नाम पर 16 लाख की ठगी

**धमतरी (आरएनएस)।** सरकारी नौकरी का झांसा देकर शिक्षित बेरोजगारों से 16 लाख रूपए की ठगी करने वाले एक आरोपी के खिलाफ धमतरी पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। आरोपी ने युवकों को पुलिस आरक्षक बनाने के नाम पर रूपए लिए थे।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी तुलसीराम साहू निवासी सोरम ने शिकायत दर्ज कराया कि महासमुंदर के परसवानी गांव में रहने वाले आरोपी आदर्श चंद्राकर ने अपनी ऊंची पहुंच का हवाला देकर वर्ष 2018-19 में पुलिस विभाग में आरक्षक पद की नौकरी लगवाने के नाम पर प्रार्थी व दो अन्य लोगों से 16 लाख रूपए लिया था। आरोपी ने प्रार्थी से 5 लाख रूपए लिया था।

इसी तरह गोकुलपुर निवासी मिथलेश कुमार निर्मलकर से 7 लाख 50 हजार तथा ग्राम पोटियाडीह निवासी देव नारायण साहू नामक युवक से 3 लाख 50 हजार रूपए लिया था। लंबे समय तक नौकरी नहीं लगने तथा प्रार्थियों के द्वारा पूछने पर गोलमोल जवाब मिलने लगा।

इससे प्रार्थी को शक हुआ और उसने मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

## कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने टॉपर बच्चों से मुलाकात कर प्रोत्साहित किया




**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के दसवीं और बारहवीं के टॉपर बच्चों से मुलाकात कर उनको शुभकामनाएं दी। सभी बच्चों को मिठाई खिलाया गया। जिला शिक्षा विभाग की ओर से टॉपर बच्चों का परिचय दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि आपकी वजह से हमारा जिला गौरवान्वित हुआ है।इस जिले में आप जैसे उत्कृष्ट बच्चे हैं। इस सफलता में अकेले बच्चे के साथ माता पिता और शिक्षक का भी योगदान होता है। मैं ईश्वर को धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने मुझे आईएएस बनाया। इस पद में आप भी आ सकते हैं। आप दृढ़ संकल्पित हो तो आपके लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कोई बाधा रोक नहीं सकता। आप केवल दसवीं बारहवीं को ही बेस बनाकर लक्ष्य निर्धारण ना करें। अपने लक्ष्य के प्रति संकल्पित होकर चलिए असफलता मिलेगी लेकिन कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। विषम परिस्थिति में भी अपने लक्ष्य को बहुत लोगों ने प्राप्त किया है। मैंने अपने कैरियर की शुरुआत विवाह के बाद शुरू की है। हम जो पढ़ते हैं और उसी अनुरूप हमारा रिजल्ट भी आता है तो मन को एक विलक्षण खुशी मिलती है। वर्तमान में जो आप लोगों की उम्र है, अभी आपका समय बहुत ही निर्णायक है। चार-पांच साल जिस भी क्षेत्र में अपने समय का योगदान करेंगे वही आपके जीवन का निर्धारण करेगा। हम जिस बैकग्राउंड से आते हैं उसमें हमारा संघर्ष और मेहनत ही हमारे मुकाम तक पहुंचाता है। जिला प्रशासन द्वारा कोचिंग को शुरू की जा रही है। आप लोग दो प्रकार की प्लान बनाएं। एक सफल होने पर और दूसरा सफल नहीं होने पर, दोनों में से कोई एक के आधार पर अपना जीवन यापन करेंगे। अपने पालकों का नाम रोशन करें। मेरे पिताजी को कोई पूछते हैं कि आपकी बिटिया कलेक्टर है तो पिताजी की आंखों में खुशी से आंसू आ जाते हैं। आप अपने पालकों की शान रहे आप अच्छे इंसान बने। हम में और आप में संवेदनशीलता होनी चाहिए। हम दूसरों की मदद करते हैं तो जितनी संसाधन जरूरत होती है उसके बाद भी और संसाधन अपने आप चले आता है। अपने लक्ष्य के लिए इतना मेहनत करो की मेहनत भी शरमा जाए। कलेक्टर ने बच्चों से कहा कि मैं फिल्म ओम शांति ओम के डायलॉग "इतनी शिद्दत से मैंने तुम्हें पाने की कोशिश की है... कि हर जर्रे ने मुझे तुमसे मिलाने की साजिश की है।" से मैं बहुत प्रभावित हूं। इसी शिद्दत से हमारे लक्ष्य को पाने के लिए हमारी कोशिश होनी चाहिए।

सभाकक्ष में बच्चों ने भी अपने अपने लक्ष्य के बारे में बताया। सभी बच्चों ने कलेक्टर डॉ सिद्दीकी के साथ फोटो खिंचवाया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डेज़ी रानी जांगड़े, बच्चों के माता-पिता, शिक्षक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस समारोह में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाताडीह, शांभवी पब्लिक स्कूल भटगांव, हैप्पी हायर सेकेंडरी स्कूल पेंड्रावन सरसीवा, मॉडर्न पब्लिक स्कूल गाताडीह, सागर हायर सेकेंडरी स्कूल भटगांव,लोटस पब्लिक स्कूल भटगांव, भारत माता स्कूल सहित अन्य स्कूल के बच्चे शामिल थे। सभाकक्ष में श्रद्धांशी अग्रवाल, चिराग, तुर्यगा साहू, कनक रजक, ऐश्वर्या मानिकपुरी, यशस्वी हिरवानी, करुणा साहू, तुषार केशरवानी, यश चंद्राकर, पीयूष साहू, शुभम मानिकपुरी, नित्यानंद मानिकपुरी, मोहनिश कुमार साहू, आरती जायसवाल, नीरज कठौतिया, कुमकुम टांडेल, दीपांशु निराला, वैशाली साहू, साक्षी निराला, पूजा जायसवाल, रितिका साहू, सुष्मिता मनहर, रोशनी साहू, अभिषेक जायसवाल आदि शामिल थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480